भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, BIHAR
बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004
Bihar State Co-Operative Bank Bhawan, Ashok Raj Path, Patna-800 004
Phone No. 0612-2675929, 2675672,Fax-0612-2675049 Email dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

2011

पत्रांक– डी0 26015/5/2010 -105 दिनांक –12-1-2015

## निविदा आमंत्रित

विषयः– बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय, बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना के लिए वाहन चालक उपलब्ध कराने हेतु **Two bid system i.e. (Technical Bid and Financial Bid)** निविदा आमंत्रित की जाती है।

बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय, बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राजपथ, पटना–800 004 में सरकारी वाहन एम्बेस्डर क्लासिक मॉडल नम्बर 1800 आई.एस.जेड. तथा जिप्सी को चलाने के लिए चालक मासिक दर पर उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्मो द्वारा अपनी तकनीकी बिड (Technical Bid) एवं वित्तीय बिड (Financial Bid) को अलग–अलग लिफाफों में जिन पर स्पष्ट अक्षरों में निविदा सूचना और निर्धारित दिनांक लिखकर एक लिफाफे में रखकर दिनांक 27.01.2015 तक दोपहर 3 बजे तक डाक द्वारा प्राप्त की जा सकती है अथवा कार्यालय मे रखे निविदा बॉक्स में निर्धारित समय तक सीधे जमा कर सकते हैं। निविदाएँ उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। तकनीकी बिड में दिए गए शर्तों को पूर्ण करने के पश्चात ही वित्तीय बिड को खोलने की कार्य वाही की जाएगी। निम्नलिखित शर्तों के साथ मॉग की जाती है।

### (A) प्रतिदिन होने वाले कार्य का विस्तृत ब्योराः–

1) प्रातः 9.30 पूर्वाह्न से 6.00बजे अपराह्न तथा पदाधिकारियों द्वारा बताये गये समय पर आना एवं जाना।
2) सरकारी वाहनों को प्रतिदिन साफ–सफाई किया जाना है।
3) उपलब्ध कराये गये चालक के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति के द्वारा वाहन चलाने तथा सफाई कार्य नहीं किया जाना है।
4) चालक को यूनिफॉर्म सहित उपलब्ध कराना है।
5) प्रतिदिन वाहन को कार्यालय परिसर में लगाया जायेगा।
6) सरकारी दौरे पर अधिकारियों को पटना से बाहर जाने पर आवश्यकतानुसार वाहन को पटना से बाहर ले जाना होगा।
7) वाहन चालक का ड्राईविंग लाईसेन्स (स्थायी) होना चाहिये तथा आवश्यकतानुसार नवीनीकृत हों।

8) वाहन चालक का पूरा विवरण पता एवं लाईसेंस की छायाप्रति आदेश के उपरांत कार्यालय में जमा करना होगा।

9) अवश्यकतानुसार अवकाश के दिनों में तथा कार्यालय अवधि के अतिरिक्त भी चालक की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।

**(B) तकनीकी बिड (Technical Bid) निम्नांकित प्रमाण पत्रों / प्रपत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।**

a. आयकर द्वारा जारी पैन कार्ड नम्बर की प्रति

b. फर्म का का संचालन में आने का प्रमाण पत्र की प्रति

c श्रम विभाग द्वारा निर्गत निबंधन पत्र की प्रति

d. मंत्रालयों / विभागों में कार्य करने का अनुभव की प्रति

e.एक हजार रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट अग्रधन राशि (ई.एम.डी.) के रूप जो सहायक निदेशक –सह– डी0डी0ओ0 जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना के नाम देय हो, समर्पित करना होगा। इस बैंक ड्राफ्ट/राशि को सफलतापूर्वक कार्य समाप्ति उपरांत फर्म को वापस कर दिया जायेगा।

(C) **वित्तीय बिड (Financial Bid)**

**a. वाहन चालक हेतु प्रति माह का दर प्रस्तुत करना होगा।**

(D) सामान्य शर्तें

a. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये पूर्णतः या अंशतः रद्द करने का अधिकार निदेशालय, जनगणना परिचालन, बिहार, पटना के पास सुरक्षित है।

b. निविदा प्रस्तुत करते समय यह घ्यान रखें कि नियमानुसार आयकर संबंधी TDS की कटौती भी की जाएगी।

c. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

d. नियमानुसार TDS की कटौती भी की जाएगी ।

12/1/15

(धीरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक

प्रतिलिपिः–

1 ओ0आर0जी0आई0 वेब साईट

2) मुख्यालय सूचना पटट।